भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *209
उत्तर देने की तारीख 04.08.2025

तमिलनाडु में पांडुलिपियों का संरक्षण और डिजिटलीकरण

***209. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु की पांडुलिपियों के दस्तावेजीकरण, डिजिटलीकरण और संरक्षण हेतु विशेष उपाय करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के अंतर्गत तमिलनाडु की ऐसी कितनी पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण या डिजिटलीकरण किया जा चुका है जिन्हें नए ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत प्राथमिकता दी जाएगी;

(ग) क्या सरकार का ऐसे निजी पांडुलिपिधारकों की चिंताओं का समाधान करने का विचार है जो इस विषय में सुलभता संबंधी नीति के अभाव और कानूनी स्पष्टता न होने के कारण अपने संग्रह को साझा करने में हिचकिचाते हैं;

(घ) इस मिशन के अंतर्गत विशेषकर तमिलनाडु के लिए आवंटित धनराशि का संस्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या राज्य में किसी क्षेत्रीय केंद्र या डिजिटलीकरण केंद्र के स्थापन की योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ड.) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'तमिलनाडु में पांडुलिपियों का संरक्षण और डिजिटलीकरण' के संबंध में दिनांक 04 अगस्त, 2025 को माननीय संसद सदस्य श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *209 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): जी, हां। सरकार द्वारा तमिलनाडु की पांडुलिपियों को प्रलेखित, संरक्षित और डिजिटलीकृत करने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। इन प्रयासों में पांडुलिपियों की पहचान करना, संरक्षण तकनीकों में कार्मिकों को प्रशिक्षित करना और तमिलनाडु सहित राज्यों में शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक संस्थाओं के साथ कार्यनीतिक भागीदारियां स्थापित करना शामिल है।

(ख): पिछले राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (एनएमएम) के अंतर्गत कुल 2,13,902 विशिष्ट सत्यापित पांडुलिपियों को सर्वेक्षित और प्रलेखित किया गया। तथापि, विगत में डिजिटलीकरण का कार्य नहीं किया गया है। ज्ञान भारतम के अंतर्गत, केन्द्रीय बजट 2025 में राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी की घोषणा की गई है (अनुलग्नक-क)।

(ग): जी, हां। सरकार सभी पांडुलिपि हितधारकों की चिंताओं का समाधान करने के लिए उनके साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रही है जिनमें पांडुलिपिधारकों पर उनके अधिकार भी शामिल हैं।

(घ): तमिलनाडु की संस्थाओं के लिए विशिष्ट रूप से 1,64,79,000/- रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। तत्संबंधी विवरण अनुलग्नक-ख पर दिया गया है।

(ड.): तमिलनाडु राज्य की संस्थाओं सहित देश भर की अनेक संस्थाओं को ज्ञान भारतम के अंतर्गत संबद्ध किया गया है।

****

अनुलग्नक-क

'तमिलनाडु में पांडुलिपियों का संरक्षण और डिजिटलीकरण' के संबंध में दिनांक 04 अगस्त, 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *209 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पांडुलिपि संसाधन केंद्र (एमआरसी), तमिलनाडु

क्रम सं.	एमआरसी का नाम और पता	कुल प्रलेखित डेटा
1	सीपीआर इंस्टीट्यूट ऑफ इंडोलॉजिकल रिसर्च 1 एल्डम रोड, अलवरपेट, चेन्नई	17
2	राजकीय ओरिएंटल पांडुलिपि पुस्तकालय, मद्रास विश्वविद्यालय परिसर, चेन्नई	67,611
3	एशियाई अध्ययन संस्थान सिमिट्री तांबरम, कांचीपुरम, तमिलनाडु	2,398
5	श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती विश्व महाविद्यालय, कांचीपुरम, तमिलनाडु	55,810
6	तंजौर महाराजा सर्फ़ोजी का सरस्वती महल पुस्तकालय, तंजावुर, तमिलनाडु	35,901
7	तमिलनाडु का सर्वेक्षण डेटा	52,165
	कुल डेटा की संख्या	**2,13,902**

अनुलग्नक-ख

'तमिलनाडु में पांडुलिपियों का संरक्षण और डिजिटलीकरण' के संबंध में दिनांक 04 अगस्त, 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *209 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

इस मिशन के अंतर्गत तमिलनाडु की संस्थाओं के लिए आवंटित निधियों का विवरण

(लाख रु. में)

वित्तीय वर्ष	पांडुलिपियों के प्रलेखन के लिए				पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए			
	राजकीय ओरिएंटल पांडुलिपि पुस्तकालय, चेन्नई	राजकीय संग्रहालय, एग्मोर	तंजावुर महाराजा सर्फ़ोजी का सरस्वती महल पुस्तकालय, तंजावुर	कांचीपुरम श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती विश्व महाविद्यालय	राजकीय ओरिएंटल पांडुलिपि पुस्तकालय, चेन्नई	राजकीय संग्रहालय, एग्मोर	तंजावुर महाराजा सर्फ़ोजी का सरस्वती महल पुस्तकालय, तंजावुर	तमिल विश्वविद्यालय, तंजावुर
2002-03	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2003-04	0.00	0.00	3.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2004-05	0.00	2.40	3.00	3.00	0.00	1.50	1.50	0.00
2005-06	0.00	0.00	0.00	3.00	0.00	2.50	0.00	0.00
2006-07	0.00	2.17	3.00	3.00	0.00	2.68	1.50	0.00
2007-08	0.00	0.00	0.00	3.00	0.00	1.00	0.00	0.00
2008-09	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	3.00	1.50	0.00
2009-10	0.00	0.00	0.00	3.00	0.00	1.50	0.00	0.00
2010-11	0.00	4.50	0.00	2.96	0.00	1.50	0.00	0.00
2011-12	10.11	0.00	0.00	0.00	0.00	2.27	0.00	0.00
2012-13	3.50	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2013-14	4.50	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2014-15	9.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2015-16	9.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2016-17	12.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2017-18	4.50	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2018-19	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	2.50
2019-20	0.00	0.00	0.00	0.00	7.00	0.00	0.00	0.00
2020-21	1.50	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	2.50
2021-22	2.45	0.00	0.00	0.00	5.00	0.00	0.00	0.00
2022-23	1.50	0.00	0.00	0.00	9.70	0.00	0.00	3.60
2023-24	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	4.00
2024-25	0.00	0.00	0.00	0.00	7.95	0.00	0.00	8.00
Total	**58.06**	**9.07**	**9.00**	**17.96**	**29.65**	**15.95**	**4.50**	**20.60**

कुल = 164.79 लाख

*****